# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
# पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

## विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों का प्रतिष्ठित कम्पनी में चयन

पन्तनगर। 5 जून 2025। विश्वविद्यालय के सेवायोजन एवं परामर्श निदेशालय में साक्षात्कार के आधार पर मैसर्स बिहार ग्रामीण आजीविका संवर्धन सोसाइटी (जीविका) द्वारा विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों क्रमशः अभिनव भट्ट, सैमी मंडल एवं सुमन नौशीन (एम.एससी एग्रीकल्चर) का चयन किया गया। चयनित विद्यार्थियों को रू. 44,496/– प्रतिमाह के साथ ही अन्य सुविधाएं देय होगी।

विश्वविद्यालय के कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान ने सेवायोजन एवं परामर्श निदेशालय के प्रयासो की सराहना की तथा चयनित विद्यार्थी को शुभकामनाएं दी है। सेवायोजन एवं परामर्श निदेशक डा. एम.एस. नेगी और सह निदेशक डा. गीता पाठक ने भी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी व चयनित विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुये बताया कि भविष्य में भी निदेशालय अधिक से अधिक विद्यार्थियों के सेवायोजन हेतु प्रयासरत रहेगा।